FIROZABAD POLICE
"सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा"

प्रेस नोट थाना दक्षिण दिनाँक 02-02-2025 जनपद फिरोजाबाद।

थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा 86,650/- रुपयों की लूट का फर्जी अभियोग लिखाने वाले वादी सुबोध को 86,650/- रुपयों की बरामदगी सहित किया गया गिरफ्तार।

- दिनाँक 01-02-2025 को अभियोग के वादी सुबोध द्वारा थाना दक्षिण पर 86,650/- रुपयों की लूट की फर्जी सूचना दी गयी थी।
- थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा प्रकरण का खुलासा करते हुए लूट के अभियोग में वादी सुबोध को 86,650/- रुपयों सहित किया गया गिरफ्तार।

वादी सुबोध द्वारा थाना दक्षिण पर सूचना दी गयी कि वह दिनाँक 01/02/2025 को निखिल अग्रवाल निवासी छिंगा कचौरी के पास दुली मौहल्ला से 86,650 रुपये लेकर लेबर को बाँटने के लिए श्रीनाथ फैक्ट्री, फैक्ट्री एरिया नगला भाऊ जा रहा था, तो रास्ते में सी0एल0 जैन डिग्री कॉलेज के पास बिना नम्बर प्लेट की स्पलैण्डर मोटरसाइकिल पर सवार 02 युवक वादी सुबोध को तंमचा दिखाकर उससे 86,650 /- रुपये लूट कर ले गये। वादी की तहरीर के आधार पर थाना दक्षिण पर मु0अ0स0-105/2025 धारा 309(4) बीएनएस0 पंजीकृत किया गया था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित द्वारा घटना के खुलासे हेतु अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना दक्षिण पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा घटनास्थल के आसपास लगे समस्त सीसीटीवी0 कैमरों को चैक किया गया जिससे घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही थी। वादी से गहनता से पूछताछ करने पर उसके बयानों में विरोधाभास था जिसमें वादी द्वारा स्वीकार किया गया कि मेरी पत्नी की बिमारी के कारण मेरे उपर 60,000 /- रुपयों का कर्ज हो गया था जिससे लालच में आकर मैनें, निखिल अग्रवाल से लिये गये 86,650 /- रुपयों को छुपा तथा थाना दक्षिण पर लूट की झूठी सूचना दी। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त सुबोध की निशान्देही पर अभियुक्त के घर की अलमारी से 86,650/- रुपयों की शतप्रतिशत बरामदगी कर ली गयी है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0 105/25 में धारा 309(4) बीएनएस0 का लोप करते हुए धारा 231/317(2) बीएनएस0 की बढोत्तरी कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम व पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्त-

1. सुबोध पुत्र लाखन सिह निवासी ढोलपुरा थाना लाइनपार जिला फिरोजाबाद।

बरामदगी का विवरण-

1. 86,650 /- रुपये।

गिरफ्तारी / बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-

1. प्र0नि0 योगेन्द्रपाल सिंह थाना दक्षिण जिला फिरोजाबाद।
2. उ0नि0 योगेश गौतम थाना दक्षिण जिला फिरोजाबाद।
3. है0का0 44 मनोज कुमार थाना दक्षिण जिला फिरोजाबाद।